हादसा | डूंडा के पास हादसा, दो घायल, वाहन में भरे थे 25 से ज्यादा सूअर के बच्चे

# नैनपुर के पास अनियंत्रित होकर पलटी कार






**नैनपुर, नवभारत।** नैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डूंडा के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार सवार दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि कार मंडला की ओर से आ रही थी, जिसमें बड़ी संख्या में सूअर के बच्चे भरे हुए थे।

जानकारी अनुसार कार में लगभग 25 सूअर के बच्चे मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अचानक एक सूअर का बच्चा उछलकर स्टेयरिंग के पास आ गया, जिससे चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार सड़क किनारे पलट गई। इस दुर्घटना में कार सवार दो लोगों को चोटें आई हैं, वहीं एक सूअर के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

### संदेह के घेरे में वाहन

जानकारों का कहना है कि हैरानी की बात यह है कि कार के भीतर सीटें भी नहीं थीं, जिससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि वाहन का उपयोग सूअरों के व्यापार या परिवहन के लिए किया जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पिंडरई से डायल 112 की टीम मौके पर पहुँची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुँचाया।



## कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, आज होगा दीप महायज्ञ

**नारायणगंज।** ग्राम देवरीकला बबलिया में भक्ति और आध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। भाजपा जिला सदस्य एवं पूर्व उपसरपंच बाबूलाल यादव ने अपने 65वें जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए एक विशेष आध्यात्मिक संकल्प लिया है। इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार और ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय भव्य 05 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत मंगलवार को दोपहर 3 बजे शिव मंदिर से निकाली गई भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं-बहनें और श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यह आयोजन पुराना बालक छात्रावास बस स्टैंड बबलिया परिसर में संपन्न हो रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में बाबूलाल यादव की इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है, जहाँ उन्होंने व्यक्तिगत उत्सव को लोक-कल्याण और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ा है।

# घुघरी में विद्या आरंभ और ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन




**घुघरी, नवभारत।** महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना घुघरी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र घुघरी में 'विद्या आरंभ' और ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य गीता मरावी और सरपंच ग्राम पंचायत घुघरी यशोदा मरावी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सचिन जैन ने की।

### मुख्य कार्यक्रम और गतिविधियां

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन से हुई। इसके पश्चात: मंच पर उपस्थित अतिथियों और नन्हे बच्चों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। पर्यवेक्षक रामबाई सिंधी ने 'विद्यारंभ' कार्यक्रम के महत्व और इसके पीछे के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर बच्चों ने मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी और इसके बाद सामूहिक रूप से बच्चों का जन्म दिवस मनाया गया।

### हुआ प्रशासनिक संवाद और जागरूकता कार्यक्रम

एसडीएम सचिन जैन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण परामर्श दिए। उन्होंने बच्चों को नियमित आंगनवाड़ी भेजने, महिलाओं को पौष्टिक आहार, मौसमी फलों और हरी सब्जियों के सेवन की सलाह दी। साथ ही टीकाकरण के प्रति जागरूक रहने हेतु समझाइश भी दी। परियोजना अधिकारी रामकुमार झारिया ने 6 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी बच्चों को प्राथमिक शाला में नियमित भेजने हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया।

### बांटी पाठ्य सामग्री

कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में पठन सामग्री का वितरण किया गया एवं 11 बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए वहीं 8 बालिकाओं को स्कूल बैग, स्लेट, पेंसिल और कॉपी किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों और विभागीय कर्मचारियों सहित कुल 72 लोगों की उपस्थिति रही। अंत में परियोजना अधिकारी ने आभार माना। अंत में स्वल्पाहार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# नारायणगंज में नन्हे सितारों की मनाई ग्रेजुएशन सेरेमनी

पड़रिया और खैरी के बच्चों का धूमधाम से हुआ स्कूल प्रवेश, उपहार पाकर खिले चेहरे



**नारायणगंज.** भारत सरकार के निर्देशों के पालन में नारायणगंज परियोजना अंतर्गत विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष के बच्चों को प्राथमिक शालाओं में सहज रूप से प्रवेश दिलाना है। समारोह के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र पड़रिया क्रमांक 1 से कुमारी शिवांगी सोनी, पड़रिया क्रमांक 2 से राज सिंगरौली व दिवशी रजक, बजरंग टोला से आदित्य यादव और साईं कॉलोनी से एमन अंसारी व वन्या सोनी को सम्मानित किया गया। वहीं खैरी से सूर्यांश, परी व शिवांश चक्रवर्ती और बाजारटोला खैरी से रिद्धिमा सोनी व कुलदीप विश्वकर्मा सहित अन्य बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र के साथ कॉपी, पेन और कंपास जैसे उपहार भेंट किए गए।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**-कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसकी सभी अतिथियों ने मुक्त कंठ से सराहना की। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का समापन सभी बच्चों और अभिभावकों को स्वल्पाहार कराकर किया गया। समारोह में परियोजना अधिकारी, स्थानीय पर्यवेक्षक, ग्राम पंचायत पड़रिया के सरपंच व उप सरपंच, खैरी के उप सरपंच, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# बीजाडांडी आंगनबाड़ी की ओर बढ़े 600 नन्हे कदम

मगरधा में बच्चों को मिले स्कूल बैग और बांटे गए प्रमाण पत्र, उत्साह के साथ शुरू हुई स्कूली शिक्षा



**बीजाडांडी।** मध्य प्रदेश शासन की शाला-पूर्व शिक्षा को सशक्त बनाने की अनूठी पहल के तहत मंगलवार को बीजाडांडी परियोजना के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ उत्सव का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में उन बच्चों को सम्मानित किया गया, जो अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी कर अब औपचारिक स्कूली शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने जा रहे हैं।

परियोजना बीजाडांडी के अंतर्गत लगभग 500 से 600 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाणपत्र प्रदान कर विद्यालय के लिए विदा किया गया। यह पहली बार है जब आंगनवाड़ी स्तर पर बच्चों के लिए इस तरह का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया है, जिससे अभिभावकों और बच्चों में भारी उत्साह देखा गया।

ग्राम मगरधा के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में आयोजित विशेष कार्यक्रम में 5-6 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नन्ही बालिकाओं को उपहार स्वरूप स्कूल बैग भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी बीजाडांडी सुश्री मनीषा तिवारी, ग्राम पंचायत मगरधा के सरपंच ओंकार सिंह धुर्वे और उपसरपंच ममता मरावी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र अब केवल पोषण और देखभाल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यहाँ पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान के तहत खेल-खेल में प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जा रही है।





अपने पसंदीदा ऐप्स पर तुरंत बीमा प्रीमियम का भुगतान करें।

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA | HDFC Life Sar utha ke jiyo! | SBI Life Apne liye. Apno ke liye.

amazon pay | AXIS BANK | BAJAJ PAY | Beacon International Remittance Partner | BHIM | CRED | CSB Bank | DBS | Federal Bank | HDFC BANK | ICICI Bank | IDBI BANK | IDFC FIRST Bank | MobiKwik | navi UPI | Paytm | PhonePe | TATA NEU

*T&C Apply